जनपद – संतकबीरनगर

प्रेस नोट

दिनाँक 01.09.2025

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना महुली पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 5264 द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल- पीआरवी 5264 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत चकदही से कालर द्वारा दो बाईकों के आपस में टकरा जाने के कारण घायल 01 व्यक्ति (1.रोहन पुत्र संजू सा0 चरिया बाबू थाना उसका जनपद सिद्धार्थनगर) के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर उक्त घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना को0 खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर तत्परता से पहुँचकर घायल को ईलाज हेतु 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

पीआरवी स्टाफ- आ0 अंकित कुमार यादव, हो0चा0 शिवानन्द चौधरी।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 105 वाहनों से 1,92,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनाँक 01.09.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 105 वाहनों से 1,92,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

□ ***पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा अवैध बसों व अनधिकृत डी0जे0 के विरुद्ध चलाया गया अभियान***

□ ***अभियान के तहत जनपद से कुल 105 वाहनों से 1,92,500 रु0 वसूला गया जुर्माना***

□ ***विशेष अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी यातायात की उपस्थिति में सड़क किनारे से हटवाया गया अतिक्रमण, लोगों को किया गया जागरुक***

पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी यातायात ***श्री अभयनाथ मिश्रा*** के पर्यवेक्षण में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत आज दिनाँक 01.09.2025 को जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए अवैध प्राइवेट बसों व अनधिकृत डी0जे के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 02 बसों को सीज करते हुए 12 बसों व 01 डी0जे0 का चालान किया गया।

"अवैध प्राइवेट बसों" व “अनधिकृत डी0जे0” अभियान के दौरान संतकबीरनगर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद से 03 वाहनों से 3,000 रुपए, थाना धनघटा से 18 वाहनों से 19,500 रुपए, थाना महुली से 10 वाहनों से 8500 रुपए, थाना बखिरा से 05 वाहनों से 45,00 रुपए, थाना बेलहरकला से 10 वाहनों से 7,000 रु0, धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा 11 वाहनों से 11000 रु0, यातायात पुलिस द्वारा 48 वाहनो से 1,39,000 रुपए जुर्माना वसूला गया साथ ही वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें।